NDTV इंडिया

**NCERT की नकली किताबें बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, 2.4 करोड़ रुपये की 1.7 लाख से अधिक किताबें जब्त**




**नई दिल्ली:**
दिल्ली पुलिस की शाहदरा जिले की टीम ने NCERT की नकली किताबें बेचने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस ऑपरेशन में बाप-बेटे की जोड़ी को गिरफ्तार किया गया है और करीब 1.7 लाख से अधिक नकली किताबें जब्त की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 2.4 करोड़ रुपये बताई जा रही है. अब इस मामले में दिल्ली पुलिस नकली किताबें छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के साथ ही थोक विक्रेताओं और शिक्षा संस्थानों तक की भूमिका की भी जांच कर रही है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 16 मई को शाहदरा जिले की पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि मंडोली रोड स्थित एक दुकान पर अवैध रूप से NCERT की नकली किताबें बेची जा रही हैं. सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ की टीम सक्रिय हो गई और इंस्पेक्टर मनीष कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई. NCERT के असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफिसर प्रकाशवीर सिंह को भी प्रमाणन के लिए टीम में शामिल किया गया.

Source: https://ndtv.in/india/fake-ncert-books-selling-racket-busted-1-lakh-70-thousand-books-worth-2-crore-40-lakh-rupees-seized-8452984